PendulumEdu

करेंट अफेयर्स

19-11-2019

# करेंट अफेयर्स

**19th November 2019**

www.pendulumedu.com

# करेंट अफेयर्स – 19 नवंबर 2019

## 1. फिलिस्तीन के पश्चिमी तट पर बस्तियाँ बनाने का इज़राइली अधिकार अमेरिका द्वारा समर्थित

- फिलिस्तीन के पश्चिमी तट पर बस्तियाँ बनाने के इज़राइली अधिकार को अमेरिका ने अपने चार दशक पुराने रूख में बदलाव लाते हुए समर्थन प्रदान कर दिया है।
- जबकि अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने एक प्रस्ताव के द्वारा फिलिस्तीन के पश्चिमी तट पर इज़राइली बस्तियों को अंतर्राष्ट्रीय कानून का उल्लघंन बताया था।
- यूरोपीय संघ ने फिलिस्तीन के पश्चिमी तट पर बस्तियाँ बनाने के इज़राइली नीति की आलोचना की है।
- इज़राइल मध्य पूर्व में स्थित एक देश है।
- इसकी राजधानी **येरूसलम** और मुद्रा **इज़राइली न्यू सिकिल** है।

## 2. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने कानपुर, यूपी के 22 चर्म शोधनशालाओं पर 280 करोड़ का जुर्माना लगाया

- राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने कानपुर, यूपी के 22 टेनरियों पर प्रदूषण फैलाने के कारण 280 करोड़ का जुर्माना लगाया है।
- आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार को भी दोषी बताया और उन पर 10 करोड़ का जुर्माना लगाया है।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कहा है कि पिछले 43 सालों से इस समस्या को हल नही किया गया है। जिस कारण से भूमिगत जल दूषित होने के कारण यहाँ के निवासियों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।
- राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना 18 अक्टूबर 2010 को राष्ट्रीय हरित अधिकरण अधिनियम 2010 के द्वारा की गई थी।
- ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड के बाद भारत विश्व का तीसरा ऐसा देश है जिसने राष्ट्रीय हरित अधिकरण की स्थापना की है।

## 3. चिट फंड संशोधन विधेयक –2019 लोकसभा में पेश किया गया

- **वित्त राज्यमंत्री अनुराग ठाकुर** ने संसद के शीतकालीन सत्र के पहले दिन चिट फंड संशोधन विधेयक –2019 लोकसभा में पेश किया।
- इस विधेयक के द्वारा चिट फंड विधेयक –1982 में संशोधन का प्रस्ताव है।
- चिट फंड छोटे व्यवसायों और परिवारों को वित्त और अवसर प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण साधन है।
- परंतु कुछ गैर कानूनी और धोखेबाज लोगों के कारण चिट फंड के बारे में समाज में कई भ्रांतियाँ फैल गई हैं।

## 4. भारत सरकार ने बेहतर पोषण परिणाम हेतु भारतीय पोषण कृषि कोष की स्थापना की घोषणा की

- सरकार ने कुपोषण को कम करने के लिए **भारतीय पोषण कृषि कोष** की स्थापना की घोषणा की है।
- इस कोष की स्थापना का उद्देश्य कुपोषण को दूर करने के लिए बहुक्षेत्रीय ढ़ांचे का विकास करना है।
- इसके अंतर्गत उच्च पोषक उत्पाद प्राप्त करने के लिए 128 कृषि जलवायु क्षेत्रों में विविध फसलों पर ध्यान दिया जाएगा।
- भारतीय हरित क्रांति के जनक एम.एस. स्वामीनाथन ने इस अवसर पर कुपोषण को दूर करने के लिए पांच सूत्री कार्यक्रम का प्रस्ताव दिया। जो इस प्रकार है–

  1. *महिलाओं और बच्चों को कैलोरीयुक्त भोजन की व्यवस्था करना।*
  2. *स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति।*
  3. *उच्च प्रोटीनयुक्त भोजन उपलब्ध कराना।*
  4. *पोषक तत्वों की कमी को दूर करना।*
  5. *लोगों को पोषाहार के प्रति जागरूक करना आदि।*

- इस परियोजना को **महिला और बाल विकास मंत्रालय के द्वारा बिल एवं मिलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सहयोग से** चलाया जाएगा।

## 5. जस्टिस एस ए बोब्डे ने भारत के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली

- न्यायमूर्ति शरद अरविंद बोब्डे ने भारत के 47वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की।
- उन्हें भारत के राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के द्वारा शपथ दिलाई गई।
- वे जस्टिस रंजन गोगोई का स्थान लेगें।
- श्री बोब्डे 23 अप्रैल 2021 तक अपने पद पर बने रहेगें।
- एसए बोब्डे ऐतिहासिक अयोध्या मामले पर फैसला सुनाने वाली पांच सदस्यीय संविधान बैंच में शामिल थे।
- वे अप्रैल 2013 में उच्चतम न्यायालय के जज नियुक्त किये गये थे।

## 6. आसियान और अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक का आयोजन थाईलैंड में

- आसियान और अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों की बैठक के छठे संस्करण का आयोजन थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में किया जा रहा है।
- भारत के **रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह** इस सम्मेलन में हिस्सा लेगें।
- आसियान **दक्षिण पूर्वी एशियाई** राष्ट्रों का संगठन है।
- इसकी स्थापना बैंकॉक घोषणा पत्र के अनुसार **8 अगस्त 1967** को हुई थी।
- इसमें 10 देश शामिल हैं जो इस प्रकार हैं–
  1. *ब्रुनेई*
  2. *कंबोडिया*
  3. *इंडोनेशिया*
  4. *लाओस*
  5. *मलेशिया*
  6. *म्यांमार*
  7. *फिलीपींस*
  8. *सिंगापुर*

9. *थाईलैण्ड*
10. *वियतनाम*

- भारत इस संगठन का सदस्य नहीं है।

## 7. अमिरात पोस्ट ने अल कुद्स–फिलिस्तीन की राजधानी, के नाम से एक डाक टिकट जारी किया

- अमिरात पोस्ट ने अरब पोस्ट अथॉरिटीज् के साथ मिलकर अल कुद्स–फिलिस्तीन की राजधानी, के नाम से एक एकीकृत स्मारक डाक टिकट जारी किया है।
- जो कि अल कुद्स के अस्तित्व का सर्मथन करता है।
- साथ ही इसकी अरबी विरासत की रक्षा करता है और इसकी भावनात्मक एवं सांस्कृतिक महत्व की याद दिलाता है।
- यह स्टैंप **अल अक्सा मस्जिद और फिलिस्तीन के झंडे के महत्व** पर प्रकाश डालता है। साथ ही इसमें **शांति के प्रतीक के रूप में एक सफेद कबूतर** का चित्रण भी किया गया है।

## 8. बैंग्लुरू टैक समिट का उद्घाटन एस येदुरप्पा के द्वारा किया गया

- बैंग्लुरू टैक समिट का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री एस येदुरप्पा के द्वारा किया गया।
- यह सम्मेलन तीन दिन तक चलेगा।
- इस सम्मेलन में 20 से अधिक देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं।
- सूचना प्रोद्यौगिकी के क्षेत्र में **कौशल प्रदर्शन** को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पिछले 20 वर्षों से इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

## 9. उत्तर भारत की पहली गन्ने से इथेनॉल बनाने वाली चीनी मिल का उद्घाटन गोरखपुर, यूपी में किया गया

- उत्तर प्रदेश के **पिपरेचा, गोरखपुर** में उत्तर भारत की पहली गन्ने से इथेनॉल बनाने वाली चीनी मिल का उद्घाटन राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह के द्वारा किया गया।
- इथेनॉल एक प्रकार का एल्कोहल है। जिसे पेट्रोल में मिलाकर उपयोग करने से ना केवल प्रदूषण में कमी आती है बल्कि यह पेट्रोलियम जैसे सीमित उत्पाद की बचत भी होती है।

## 10. श्रेयसी सिंह ने महिला ट्रैप में नेशनल चैंपियन का खिताब जीता

- श्रेयसी सिंह ने 63 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक हासिल किया है।
- यह श्रेयसी सिंह **के कैरियर का चौथा व्यक्तिगत राष्ट्रीय** खिताब है।
- इसी प्रतियोगिता में **राजेश्वर कुमारी** को रजत पदक प्रदान किया गया है।
- इस प्रतियोगिता का आयोजन **नई दिल्ली** में किया गया था।

## 11. स्टेफानोस सितसिपास ने एटीपी (ATP) फाइनल का खिताब जीता

- ग्रीस के स्टेफानोस सितसिपास ने एटीपी (ATP) फाइनल टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है।
- सितसिपास ने पहली बार एटीपी (ATP) फाइनल खेला था।
- एटीपी (ATP) टेनिस टूर्नामेंट का आयोजन **लन्दन** में किया गया था।
- उन्होनें सेमीफाइनल में 6 बार के चैंपियन रोजर फेडरर को हराया था।

## 12. सरिता देवी एआईबीए (AIBA) एथलीट आयोग के सदस्य के रूप में निर्वाचित

- मणिपुर की रहने वाली लैशराम सरिता देवी को अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ एथलीट आयोग (AIBA) के सदस्य के रूप में निर्वाचित किया गया है।

- सरिता देवी उन 6 मुक्केबाजों में शामिल हैं जिन्हें पांच महाद्वीपों से अंतर्राष्ट्रीय मुक्केबाजी संघ एथलीट आयोग (AIBA) के सदस्य के रूप में चुना गया है।
- वे वर्तमान में मणिपुर में पुलिस उपाधीक्षक हैं।
- यूरोप से दो प्रतिनिधि चुने गये हैं। अन्य महाद्वीपों से एक प्रतिनिधि का चयन किया गया है।

## समसामयिक प्रश्नोत्तर

1. निम्नलिखित में से उत्तर प्रदेश के किस शहर में स्थित चर्म शोधनशालाओं पर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) ने प्रदूषण फैलाने के कारण 280 करोड़ का जुर्माना लगाया है?

a. बरेली

b. कानपुर

c. गोरखपुर

d. वाराणसी

उत्तर– b

2. अल कुद्स–फिलिस्तीन की राजधानी, निम्नलिखित में से क्या है?

a. ऐतिहासिक इमारत

b. फिलिस्तीन की एक मस्जिद

c. राष्ट्रीय समाचार पत्र

d. एक डाक टिकट

उत्तर– d

3. जस्टिस शरद अरविंद बोब्डे भारत के किस क्रम के मुख्य न्यायाधीश होगें?

a. 46 वें

b. 48 वें

c. 47 वें

d. 45 वें

उत्तर– c

4. हाल ही में उत्तर भारत की पहली गन्ने से इथेनॉल बनाने वाली चीनी मिल का उद्घाटन कहाँ किया गया है?

a. वाराणसी

b. सहारनपुर

c. गोरखपुर

d. अमरोहा

उत्तर– c

5. एटीपी (ATP) टूर्नामेंट का संबंध किस खेल से है?

a. बैडमिंटन

b. पोलो

c. मुक्केबाज़ी

d. टेनिस

उत्तर– d

Pendulum Edu

Read Daily Current Affairs 18 November 2019-Hindi

Read Daily Current Affairs 18 November 2019-English

Read Banking/Financial Awareness 19 November 2019-English

# Attempt Free IBPS CLERK PRELIMS Mock Test

## Banking, SSC, Railways, Defence, GATE, JEE, NEET & other Competitive Exams

- Latest Exam Pattern
- Daily Current Affairs
- One to One Session
- Detailed Solutions
- Can be Taken on Web & Mobile